# फरेंदा में नकली डिटर्जेंट पाउडर की फैक्ट्री का भंडाफोड़

Publish Date:Mon, 28 Jan 2019 11:20 PM (IST)

महराजगंज: फरेंदा कस्बे में स्थित लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज के पास नकली डिटर्जेंट पाउडर बनाने की फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। छापेमारी में पुलिस ने बड़ी मात्रा में कंपनी के नाम का नकली रेपर सहित पाउडर बनाने की सामग्री बरामद की है। साथ ही दो लोगों को हिरासत में लिया है।

सोमवार को हरापत्ता हरापन्ना डिटर्जेंट पाउडर बनाने वाली कंपनी जय केमिकल वर्क कानपुर के लीगल एडवाइजर अशोक धर दुबे की शिकायत पर फरेंदा थाने के चौकी इंचार्ज आरके ¨सह विशेन, एसआई कमलेश ¨सह के नेतृत्व में छापेमारी की गई। जिसमें बड़ी मात्रा में कंपनी के नाम का नकली रेपर सहित पाउडर बनाने की सामग्री बरामद की गई। चौकी इंजार्ज ने बताया कि फरेंदा कस्बे में मकान में फैक्ट्री संचालित हो रही थी। जहां लगभग 90 बोरा तैयार पाउडर, सोडा, नमक, झाग केमिकल, दो पै¨कग मशीन, मिक्सचर मशीन सहित कंपनी के नाम के नकली रेपर बरामद किए गए हैं। दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/maharajganj-event-s-18898008.html